संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ 5 दिनांक 11-5-2021

## नगर निगम ने मुक्तिधाम में पहुंचाई चार ट्राली लकड़ी

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता होने पर पेड़ों की छंटनी व पेड़ गिरने पर पांजरा पोल व मानस भवन परिसर में एकत्रित की लकड़ियों को शहर के मुक्तिधामों पर भेजा जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार भवतन की बावड़ी मुक्तिधाम में शुक्रवार व शनिवार को 2-2 ट्राली लकड़ियां पहुंचाई गई जो कि लावारिस व्यक्तियों के अंतिम संस्कार में उपयोग की जाएगी।

# मास्क पहने और पहनाए, अपने साथ दूसरों का भी जीवन बचाए

रतलाम। कोरोना काल के दौरान बढ़ते संक्रमण के चलते कलेक्टर और निगम प्रशासक गोपालचंद डाड और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में अब ना कोई बहाना सभी को मास्क है लगाना अभियान शुरु किया गया जो सतत जारी है। इस अभियान के दौरान शहर के भीड़ वाले स्थानों पर सफाई मित्र समूह रांगोली के माध्यम से कोविड से बचाओं का संदेश दिया जा रहा है, साथ ही लोगों को निःशुल्क मास्क का वितरण कर उन्हे मास्क पहनने का तरीका भी समझाया जा रहा है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों से आव्हान किया है कि सभी मास्क का उपयोग आवश्यक रुप से करे। लॉक डाउन के दौरान भी अगर बेहद जरुरी कार्यो से घर से बाहर निकले या अपने दफ्तर या अन्य संस्था में जाए तो मास्क का उपयोग अवश्य करे। इसके साथ ही यदि आपने अनचाहे स्थानों और लोगों से हाथ मिलाया है या आप किसी तरह उनके संपर्क में आए हैं तो कोशिश करें कि अपने मुंह पर हाथ न लगाएं। यदि आप मुंह, आंख, कान, नाक आदि पर हाथ लगाएंगे और आपके हाथ में कीटाणु मौजूद हैं तो वो आपकी नाक द्वारा आपकी सांसों में चले जाएगा और मुश्किल खड़ी कर सकता है। इसलिए ध्यान रहे कि जब भी कहीं बाहर से लौटें तो फौरन किसी साबुन, हैंड वॉश और सैनिटाइजर से हाथ धोएं।

श्री झारिया ने कहा कि जागरुक रहना हर खतरे से बचने का सबसे प्राथमिक तरीका है। अगर आप किसी खतरे को लेकर जागरुक हैं तो न तो आप बेचैन होंगे और न ही कोई आपको भयभीत कर सकता है। अगर खतरा आ भी गया तो आप उसका बेहतर इलाज कर सकते हो। यदि आपके आस-पास किसी व्यक्ति में कोरोना संक्रमण के लक्षण दिख रहे हैं तो फौरन नजदीकी अस्पताल को संपर्क करें। इन्दौर समाचार 11-5-2021

# मास्क पहनें और पहनाएं, अपने साथ दूसरों का भी जीवन बचाएं

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

11-5-2021

कोरोना काल के दौरान बढ़ते संक्रमण के चलते कलेक्टर और निगम प्रशासक गोपालचंद डाड और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में अब ना कोई बहाना सभी को मास्क है लगाना अभियान शुरू किया गया, जो सतत जारी है। शहर के भीड़ वाले स्थानों पर सफाई मित्र समूह रंगोली के माध्यम से कोविड से बचाव का संदेश दिया जा रहा है, साथ ही लोगों को निःशुल्क मास्क का वितरण कर उन्हें मास्क पहनने का तरीका भी समझाया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों से आह्वान किया है कि सभी मास्क का उपयोग आवश्यक रूप से करें। लॉकडाउन के दौरान भी अगर बेहद जरुरी कार्यों से घर से बाहर निकले या अपने दफ्तर या अन्य संस्था में जाएं तो मास्क का उपयोग अवश्य करें। यदि आपने अनचाहे स्थानों और लोगों से हाथ मिलाया है आप किसी तरह उनके संपर्क में आए हैं तो कोशिश करें कि अपने मुंह पर हाथ न लगाएं।

दबंग दुनिया
11-5-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार [illegible] पृष्ठ 15 दिनांक [illegible] 2021

**लॉकडाउन साइड इफेक्ट** • जीएसटी थ्री बी रिटर्न : जलकर की आखिरी तारीख, चुकाना होगी पैनाल्टी

# लॉकडाउन साइड इफेक्ट : ऑटो और होम लोन की किस्तें अटकेंगी, पैनाल्टी तो देना ही होगी सिबिल बिगड़ने का डर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लॉकडाउन ने लोगों की टेंशन बढ़ा दी है। वजह ऑटो लोन, होम लोन, पर्सनल लोन सहित अन्य लोन की किस्तें कटना है। लॉकडाउन के कारण लोग घरों से नहीं निकल पाएंगे। इससे वे बैंकों में राशि जमा नहीं करा सकेंगे। उनकी लोन की किस्त जमा नहीं होगी और पैनाल्टी चुकाने की नौबत बनेगी। जीएसटी 3बी रिटर्न की भी आखिरी तारीख है। व्यापारी वह रिटर्न दाखिल नहीं करा पाएंगे। इससे उन्हें पैनाल्टी चुकाना पड़ सकती है। जलकर जमा नहीं हुआ तो पैनाल्टी लगेगी।

## 19 को खुलेगा, 20 तारीख आखिरी, कैसे भरेंगे रिटर्न

जीएसटी का 3 बी रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 20 अप्रैल है। शहर में 19 अप्रैल तक लॉकडाउन है। सीए के दफ्तर बंद हैं। ऐसे में व्यापारी रिटर्न नहीं भर पाएंगे। उन्हें पैनाल्टी चुकाना पड़ सकती है। लॉकडाउन पूरे प्रदेश में होता तो तारीख बढ़ जाती। रतलाम सहित कुछ चुनिंदा शहरों में ही है। ऐसे में तारीख नहीं बढ़ना है। ऐसे में सीए के दफ्तर बंद होने से कारोबारियों की दिक्कत बढ़ गई है। सीए किशन सोनी का कहना है कि व्यापारियों के फोन हमारे पास आ रहे हैं। दफ्तर बंद है। हम मजबूर है और रिटर्न दाखिल नहीं कर सकते हैं।

## इधर होम व ऑटो लोन पर भी चुकाना होगी पैनाल्टी

कई लोगों की ऑटो लोन, होम लोन की किस्त भरने की आखिरी तारीख है। बैंकें तो खुलेगी लेकिन लॉकडाउन होने से लोग बैंकों तक नहीं पहुंच सकेंगे। ऐसे में जिन्होंने होम लोन और ऑटो लोन ले रखा है। वे बैंकों में राशि जमा नहीं करा पाएंगे। ऐसे में उनकी किस्त नहीं कटेगी और उन्हें पैनाल्टी चुकाना होगी। सभी बैंकों की पैनाल्टी अलग-अलग है। यह 50 रुपए से लेकर 500 रुपए तक है। समय पर किस्त नहीं चुकाने पर सिबिल भी खराब होने का डर रहेगा।

## जलकर की आज आखिरी तारीख

मार्च का जलकर जमा कराने की आज आखिरी तारीख है। इसके बाद जमा कराने पर पैनाल्टी चुकाना होगी। लॉकडाउन लग गया है। कई लोग जलकर जमा नहीं करा पाएंगे। उन्हें पैनाल्टी चुकाना पड़ेगी। पिछली बार लॉकडाउन में यही समस्या आई थी। लोगों को पैनाल्टी चुकाना पड़ी थी। बाद में लोगों के विरोध के चलते पैनाल्टी हटाई थी। अब फिर वही स्थिति है।

## बिजली बिल की आखिरी तारीख 16 एवं 17 अप्रैल

लॉकडाउन के बीच बिजली बिल भरने की आखिरी तारीख 16 एवं 17 अप्रैल है। बिजली कंपनी ने 8 हजार उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जारी किए हैं। इसके बाद बिल जमा कराने पर पांच रुपए से 1.25 फीसदी पैनाल्टी लगेगी। बिजली कंपनी के शहर कार्यपालन यंत्री विनय प्रतापसिंह ने बताया उपभोक्ता ऑनलाइन पेमेंट कर सकते हैं। ताकि पैनाल्टी नहीं लगे। वहीं उपभोक्ताओं को पैनाल्टी ना चुकाना पड़े इस संबंध में आखिरी तारीख बढ़ाने को लेकर चर्चा की जाएगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका----पृष्ठ 9.....दिनांक 11-4.......2021

# मास्क पहने और पहनाएं, अपने साथ दूसरों का भी जीवन बचाएं



निगम ने शुरु किया अब ना कोई बहाना-सभी को मास्क है लगाना अभियान

11-4-2021

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**

patrika.com

**रतलाम.** कोरोना काल के दौरान बढ़ते संक्रमण के बाद अब नगर निगम ने शहर में स्वच्छता अभियान में बनाई जा रही रांगोली के मूड को बदल दिया है। अब तक स्वच्छता पर केंद्रीत रहने वाली रांगोली अब मास्क जरूरी अभियान में बदल गई है। लॉकडाउन के दौर में भी निगम से जुड़े सामाजिक संगठन शहर में अलग-अलग स्थान पर रांगोली बनाकर मास्क पहने और पहनाए, अपने साथ दूसरों का भी जीवन बचाए, अब ना कोई बहाना-सभी को मास्क है लगाना अभियान शुरू कर दिया है। इस दौरान बगैर मास्क के अगर कोई मिलता है तो उसको मास्क पहनाया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों से आव्हान किया है कि सभी मास्क का उपयोग आवश्यक रुप से करे। लॉकडाउन के दौरान भी अगर बेहद जरुरी कार्यों से घर से बाहर निकले या अपने दफ्तर या अन्य संस्था में जाए तो मास्क का उपयोग अवश्य करे। इसके साथ ही यदि आपने अनचाहे स्थानों और लोगों से हाथ मिलाया है या आप किसी तरह उनके संपर्क में आए हैं तो कोशिश करें कि अपने मुंह पर हाथ न लगाएं।

# मास्क पहने और पहनाएं, अपने साथ दूसरों का भी जीवन बचाएं

**प्रसारण न्यूज • रतलाम**

11-4-2021

कोरोना काल के दौरान बढ़ते संक्रमण के चलते कलेक्टर और निगम प्रशासक गोपालचंद डाड और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 'अब ना कोई बहाना सभी को मास्क है लगाना' अभियान शुरु किया गया जो सतत जारी है। इस अभियान के दौरान शहर के भीड़ वाले स्थानों पर सफाई मित्र समूह रांगोली के माध्यम से कोविड से बचाओ का संदेश दिया जा रहा है, साथ ही लोगों को निःशुल्क मास्क का वितरण कर उन्हें मास्क पहनने का तरीका भी समझाया जा रहा है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों से आव्हान किया है कि सभी मास्क का उपयोग आवश्यक रुप से करे। लॉक डाउन के दौरान भी अगर बेहद जरुरी कार्यों से घर से बाहर निकले या अपने दफ्तर या अन्य संस्था में जाए तो मास्क का उपयोग अवश्य करे। 'इसके साथ ही यदि आपने अनचाहे स्थानों और लोगों से हाथ मिलाया है या आप किसी तरह उनके संपर्क में आए हैं, तो कोशिश करें कि अपने मुंह पर हाथ न लगाएं। यदि आप मुंह, आंख, कान, नाक आदि पर हाथ लगाएंगे और आपके हाथ में कीटाणु मौजूद हैं, तो वो आपकी नाक द्वारा आपकी सांसों में चले जाएगा और मुश्किल खड़ी कर सकता है, इसलिए ध्यान रहे कि जब भी कहीं बाहर से लौटें तो फौरन किसी साबुन, हैंड वॉश और सैनिटाइजर से हाथ धोएं।

श्री झारिया ने कहा कि जागरुक रहना हर खतरे से बचने का सबसे प्राथमिक तरीका है। अगर आप किसी खतरे को लेकर जागरुक हैं, तो न तो आप बैचेन होंगे और न ही कोई आपको भयभीत कर सकता है। अगर खतरा आ भी गया तो आप उसका बेहतर इलाज कर सकते हो। यदि आपके आस-पास किसी व्यक्ति में कोरोना संक्रमण के लक्षण दिख रहे हैं तो फौरन नजदीकी अस्पताल को संपर्क करें।

प्रसारण 11-4-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दैनिक भास्कर –पृष्ठ 15 ...दिनांक 11-4 ....2021

# श्मशान की इस तस्वीर से बुरा कुछ नहीं... क्योंकि रतलाम में एक चिता बुझने से पहले जल रहा दूसरा शव, मेडिकल कॉलेज से पहुंचे 6 शव



भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम में एक साथ 6 चिता जलती हुई। फोटो : चिंटू मेहता

## कोरोना काल की सर्वाधिक 21 मौतें सिर्फ 10 दिन में

**रतलाम** | यह तस्वीर भक्तन की बावड़ी श्मशान की है। इस श्मशान में एकसाथ 6 चिता जलते हुए... शायद ही किसी ने पहले कभी देखा हो। शनिवार को यहां मेडिकल कॉलेज से 6 शव पहुंचे। आलम ऐसा था कि एक चिता जलने के बाद ही दूसरी चिता में दाग दे रहे थे। कोरोना काल में अप्रैल का महीना बहुत भयावह साबित हो रहा है। शनिवार को तीन लोगों ने दम तोड़ दिया है। इसके साथ सिर्फ 10 दिन में 21 मौत हो गई है। कोरोना काल के किसी महीने के मुकाबले ये सर्वाधिक मौत है। इससे पहले सितंबर के महीने में 20 लोगों ने दम तोड़ा था, जो कि अब तक का रिकॉर्ड था।

## 4 दिन में 559 पॉजिटिव

जिले में सिर्फ 4 दिन में 559 पॉजिटिव सामने आ चुके हैं। शनिवार को 146 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। एक दिन पहले 160 लोग संक्रमित मिले थे। जो कि अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। जिले में कुल पॉजिटिव का आंकड़ा 6588 पर पहुंच गया है।

# इम्यूनिटी कमजोर नहीं होने दें, भरपेट भोजन कर सलाद, जूस व पानी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें

### शहर में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए डॉक्टर ने दिए सुझाव, संक्रमण से बचने हमें अंदर से मजबूत होना है

भास्कर संवाददाता | रतलाम

11-4-2021

कोरोना संक्रमित मरीजों के बढ़ने के कारण शहर में 9 दिन का लॉकडाउन है। इस दौरान घर में ही रहें। शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है उन्हें यह रोग बहुत जल्द जकड़ ले लेता है। बढ़ती महामारी के चलते अपनी इम्युनिटी का पूरा ध्यान रखते हुए भर पेट भोजन के साथ ही जूस और सलाद का ज्यादा उपयोग करें।

कोरोना संक्रमण से बचने के लिए हमें अंदर से मजबूत होना है। चिकित्सकों और वैज्ञानिकों की माने तो 10 सेकंड से कम समय में यह वायरस अटैक कर सकता है। ऐसे में हमें अपनी इम्युनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता का खास ख्याल रखने की जरूरत है। इस कोरोना काल में शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने वाले फूड के सेवन की जरूरत है।

### इनका सेवन कर बढ़ाएं अपनी इम्यूनिटी

- तुलसी के पत्ते- इसमें कई बीमारियों का इलाज है और इम्युनिटी बढ़ाती है। तुलसी के पत्तों का खाली पेट सेवन करना फायदेमंद है। हर दिन तुलसी की 5 पत्तियां, एक चम्मच शहद के साथ खाने से बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती हैं।
- अदरक–इसमें भी एंटीऑक्सिडेंट और इंफ्लेमिट्री कंपाउंड है। एंटीवायरल और जोआरों से भरपूर अदरक इम्युनिटी बढ़ाता है।
- हल्दी–एंटीऑक्सिडेंट और इंफ्लेमिट्री कंपाउंड से भरपूर हल्दी शरीर को एलर्जी से लड़ने के काबिल बनाता है। यह इम्युनिटी मजबूत बनाता है। गर्म दूध के साथ सेवन करें।
- अलसी–बेड कोलेस्ट्रोल कम करने के साथ कैंसर के जोखिम से बचाता है। एंटी एलर्जिक सीलियम और ओमेगा-3 फैटी ऐसिड होता है। एक चम्मच गरम दूध, सलाद या दही के साथ सेवन करें।
- सूरजमुखी के बीज–इसमें सेलेनियम भरपूर होते हैं। यह शरीर की कोशिकाओं के नुकसान की भरपाई करते हैं। विटामिन ई होने से बाहरी संक्रमण से बचाता है।
- दालचीनी–पॉलिफेनॉल्स और प्लांट एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर दालचीनी इम्युनिटी को दुरुस्त रखती है। खासकर सर्दी और सीजनल फ्लू में यह अपने एंटी वायरल और एंटी फंगल गुणों के कारण यह दवा का काम करती है।

### ये सावधानियां रखें


- कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच और ज्यादा सावधानियां बरतने की जरूरत है।
- 20 सेकंड तक हाथों को साबुन से धोएं या हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करें।
- बाहर निकलने से पहले मास्क जरूर पहनें।
- सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें
- बार-बार आंख, नाक मुंह छूने से बचें।
- सर्दी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द, होने पर डॉक्टर से जरूर मिलें।
- साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

### सलाद व पानी उपयोग करें

*सुबह जल्दी उठकर एक्सरसाइज करें। ज्यूस व पानी का उपयोग ज्यादा करें। नींद पूरी लेनी चाहिए। व्रत-उपवास होने पर एक समय का भोजन अवश्य करें और मौसमी फल के साथ ही ज्यूस का सेवन भी करें।*

**डॉ. गोपाल यादव,** सर्जन जिला अस्पताल

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार श्रीराजस्थान एक्सप्रेस पृष्ठ 1 दिनांक 11-5 2021



# पाइप लाइन फूटी, पानी बहा

रतलाम( आरएनएन)। नगर निगम रतलाम लीकेज सुधारने की लाख दावे करता है, लेकिन शहर मे आए दिन पाइप लाईन फुट जाती है। जिससे हजारों गेलन पानी व्यर्थ बह जाता है।

शनिवार को शहर सराय मुख्य चौराहे पर पाईप लाईन फुट गई जिससे जनता को मिलने वाला पानी व्यर्थ बह गया। रोज-रोज शहर में कही ना कही पाईप लाईन फुटने की खबरे आती रहती है और इधर निगम अमला लीकेज सुधारने के दावे करता रहता है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका----पृष्ठ 2.....दिनांक 11-4.....2021

# सफाई संरक्षक का वेतन काटा

11-4-2021

रतलाम @ पत्रिका. जुलानिया में नियुक्त सफाई संरक्षक अमन डागर व विशाल-मनोहर द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एक दिन का वेतन काटा है। इसके अलावा सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

# अनुपस्थित 2 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। जुलानिया में नियुक्त सफाई संरक्षक अमन डागर व विशाल-मनोहर द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। दैनिक भास्कर 11-4-2021

# अनुपस्थित 2 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

11-4-21

रतलाम ● जुलानिया में नियुक्त सफाई संरक्षक अमन डागर व विशाल-मनोहर द्वारा गुरुवार को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

11-4-2021

**लॉकडाउन के पहले दिन शहर की सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा**

# दूध-दवा रहे अनलॉक, सब्जी सप्लाई आधा, 9 दिन के लॉकडाउन को ले गुस्सा भी जागा

पत्रिका सिटी न्यूज

11-4-2021


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. रतलाम जिले में दूसरे दौर के लंबे लॉकडाउन के पहले दिन पूरा शहर सुनसान नजर आया। शहर की सड़कों पर कुछ लोगों की आवाजाही होती नजर भी आई लेकिन यह वे लोग थे जो किसी ना किसी जरूरी काम से सड़कों पर नजर आए। सड़क पर नजर आने वाले लोगों को रोककर विभिन्न चौराहों पर पुलिस पूछताछ भी करती नजर आई और जो लोग बेवजह घूम रहे थे उन्हें वापस घर के लिए लौटा दिया गया।

लॉकडाउन के पहले दिन बाजार पूरी तरह से बंद रहा, लोग अपने घरों में ही नजर आए। कुछ लोगों की सड़कों पर आवाजाही थी तो उनमें से कोई नौकरी पेशा व्यक्ति था तो कोई किसी और काम से बाहर निकला। शहर की सड़कों पर अनावश्यक बेवजह घूमने वाले लोगों की भीड़ नहीं थी। हालांकि कॉलोनी और गली मोहल्लों में बच्चे सुबह शाम खेलते नजर आए। प्रशासन द्वारा आमजन के लिए जिन चीजों को छूट दी गई थी उनकी आपूर्ति भी होती रही। शहर में कहीं से भी किसी प्रकार की कोई परेशानी की बात सामने नहीं आई। हालांकि इस दिन फेरी लगाकर सब्जी बेचने वाले कहीं नजर नहीं आए।

## जांच रिपोर्ट के लिए लग रही भीड़

जिला अस्पताल से दी जाने वाली कोरोना जांच रिपोर्ट को लेने वाले लोगों की भी बड़ी संख्या में यहां भीड़ लग रही है। रिपोर्ट लेने के लिए लोग सोशल डिस्टेंसिंग भी भूल गए तो कुछ लोग यहां भी मास्क नहीं लगाने की लापरवाही से बाज नहीं आए। यदि रिपोर्ट लेने के लिए आने वाले लोगों में कोई पॉजिटिव पाया गया तो कई संक्रमित हो सकते हैं।



लॉकडाउन के पहले दिन शनिवार को सुनसान पड़ी स्टेशन रोड की मुख्य सड़क।

**गलत खबरों से बचे :** रतलाम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि कॉलेज के खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत खबरें भी प्रसारित की जा रही है। जिसकी जानकारी पर रतलाम के बाहर से आने वाले मरीज और उनके परिजन शनिवार को परेशान नजर आए। कुछ लोग मेडिकल कॉलेज में चल रहे उपचार की सत्यता का पता लगाने का भी प्रयास करते नजर आए कि वाकई में यहां पर उपचार सही हो रहा है या नहीं। दरअसल वायरल हो रही एक फेक न्यूज़ में दर्शाया गया था कि कोरोना मरीज बताकर मरीजों की किडनी निकाल कर हत्या करने वाला डॉक्टर गिरफ्तार। इस न्यूज़ की क्लिप के ऊपर रतलाम मेडिकल कॉलेज लिखा गया था जिसे देख लोग इसे रतलाम का समझ रहे थे।

## यात्रियों को हो रही जांच

रतलाम स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर चार के रास्ते बाहर निकालने की व्यवस्था की जा रही है जबकि स्टेशन पर पहुंचकर यात्रा के लिए प्लेटफार्म पर जाने वाले यात्रियों को दो नंबर प्रवेश द्वार से प्रवेश दिया जा रहा है। ऐसे में यात्रियों को काफी लंबा घूम कर मुख्य प्लेटफार्म पर जाना पड़ रहा है और बाहर आने वाले यात्रियों के साथ भी यही परेशानी बनी हुई है। इसके अतिरिक्त बाहर से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग भी की जा रही है तो कुछ संदिग्धों के सैंपल भी लिए जा रहे हैं।



शहर के माणक चौक क्षेत्र में पसरा सन्नाटा।

**2962 का हुआ वैक्सीनेशन :** जिले के 20 वैक्सीनेशन सेंटर पर शनिवार को 2962 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। अब तक कुल 84397 का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। 10 अप्रैल को हुए वैक्सीनेशन में माहेश्वरी भवन रतलाम पर 419, जैन काश्यप सभागृह पर 331, बरखेड़ाकला केंद्र पर 135, जवाहर नगर कम्युनिटी हॉल पर 101, धामनोद केंद्र पर 120, पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम पर 278, मंडावल केंद्र पर 106, सैलाना केंद्र पर 100, बाल चिकित्सालय पर 413, पिपलोदा केंद्र पर 79, सिविल हॉस्पिटल जावरा पर 374, इप्का लेबोरेटरीज पर 172, रावटी केंद्र पर 67, औद्योगिक क्षेत्र रतलाम केंद्र पर 130, जमातखाना पर 38, जीडी अस्पताल 30, आरोग्य हॉस्पिटल हॉस्पिटल पर 46, साईश्री हॉस्पिटल पर 10 तथा श्रद्धा हॉस्पिटल पर 13 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। टीकाकरण अभियान के तहत रविवार को जिले में 158 केंद्रों पर टीकाकरण होगा।

# भीड़ एकत्रित करने पर होटल बालाजी पर 5000 का जुर्माना

**रतलाम।** न्यू रोड स्थित होटल बालाजी के संचालक द्वारा होटल में अत्यधिक संख्या में भीड़ एकत्रित करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार संबंधित को 5000 का जुर्माना किया गया। इसके अलावा पॉलीथीन का उपयोग करने पर मुजफ्फर बोहरा कांठाल पर 500 रुपये का स्पॉट फाईन कर 8 किलो पॉलीथीन जब्त की गई। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. मिश्र, [illegible] चौहान व पवन हाडे, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार –पृष्ठ दिनांक 2021

फिर से बनने लगी टीमे, सौंपी जिम्मेदारियां

# कार्यालयीन कार्यों के लिए किए कर्मचारियों के दायित्व निर्धारित

12-4-2021

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना संक्रमण के मद्देनजर कार्यालयीन कार्य के लिए पास अनुमति, रतलाम से बाहर जाने के लिए अनुमति आदेश तैयार करना, रजिस्टर संधारित करने, कंप्यूटर में डाटा दर्ज करने एवं विभिन्न कार्यालय कार्य के लिए 12 कर्मचारियों के विभिन्न पारियों में दायित्व निर्धारित किए हैं। कर्मचारियों की यह ड्यूटी अनुविभागीय दंडाधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने की। इसी प्रकार टीकाकरण सेंटर पर रजिस्ट्रेशन एवं डाटा एंट्री संधारण के लिए 17 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारी बीएमओ डॉ. लोकेश वैष्णव के निर्देशन में कार्य करेंगे।

वहीं दूसरी ओर अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह ने रतलाम जिले में कोरोना की रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियों के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों की नियुक्ति कर उनके दायित्व निर्धारित किए हैं। कंटेनमेंट मैपिंग टीम में डीआईओ नरेंद्रसिंह चौहान, डीईजीएम नरेंद्रसिंह सोलंकी तथा अंकित बघेल को दायित्व सौंपा गया है। उक्त अधिकारी कंटेनमेंट एरिया की मैपिंग करने एवं किए गए कार्य की प्रतिदिन रिपोर्टिंग नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। माइक्रो कंटेनमेंट मॉनिटरिंग टीम में निलोफर खान, मंजू एवं कीर्ति श्रीवास्तव की ड्यूटी लगाई गई है। ये ई दक्ष केंद्र कंट्रोल रूम में बैठकर मॉनिटरिंग कार्य की प्रतिदिन रिपोर्टिंग नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे।

इसी प्रकार आयुष्मान बेनिफिशियरी मॉनिटरिंग टीम में जिला समन्वयक आयुष्मान भारत दीपक शर्मा को दायित्व दिया गया है। वे कोविड-19 व्यक्तियों में आयुष्मान लाभार्थियों का चयन कर नोडल अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसी प्रकार काउंसलिंग टीम में 50 कर्मचारियों की नियुक्ति कर उन्हें पॉजिटिव एवं होम आइसोलेट पेशेंट की काउंसलिंग कार्य करने और किए गए कार्य की रिपोर्ट काउंसलिंग टीम की नोडल अधिकारी अंकिता पंड्या को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पास और कंटेनमेंट के लिए बनाई टीमें

## कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई, लगातार मानीटरिंग भी की जाएगी

**रतलाम।** लाकडाउन में लोगों की जरूरत अनुसार मदद करने, कोरोना मरीजों की काउंसिलिंग व कंटेनमेंट क्षेत्र आदि के लिए टीमें बनाई गई हैं।



एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत ने कोरोना संक्रमण के मद्देनजर कार्यालयीन कार्य के लिए पास अनुमति, रतलाम से बाहर जाने की अनुमति आदेश तैयार करने एवं विभिन्न कार्यालय कार्य के लिए 12 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें कंप्यूटर आपरेटर सचिन पाल, आशीष मोदी, रविशंकर मुनिया, शिक्षक अनिल मिश्रा, सुभाषचंद्र चोपड़ा, निरंजन कुमार दुबे, राजेंद्र प्रसाद ओझा, रूपसिंह सिसोदिया, रमेशचंद्र जैन, विजय यादव,नजूल विभाग से राधेश्याम सारस्वत, मुकेश राठी शामिल हैं। समस्त कर्मचारी प्रतिदिन कार्यालय में उपस्थित रहेंगे तथा अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।

इसी प्रकार टीकाकरण सेंटर पर रजिस्ट्रेशन एवं डाटा एंट्री के लिए भरतसिंह राठौर, अरविंद गोठवाल, भारतसिंह चौहान, जयेश राठौर, अनीता चव्हाण, सुनील मित्तल, संदीप पींगे, नागेश रोसल्या, रितेश गर्ग, रोहित शर्मा, अमित शाह, मनीष शर्मा, संजय सोलंकी, अमरसिंह राजपूत, विनय कुमार उपाध्याय, संतोष कुमार खोईवाल, त्रिभुवन पालीवाल की ड्यूटी लगाई गई है। ये सभी कर्मचारी बीएमओ डा. लोकेश वैष्णव के निर्देशन में कार्य करेंगे।

**कंटेनमेंट मैपिंग एवं मानीटरिंग टीम भी तैयार**

सीईओ जिला पंचायत ने मीनाक्षी सिंह ने कंटेनमेंट मैपिंग टीम बनाते हुए इसमें डीआईओ नरेंद्रसिंह चौहान, डीईजीएम नरेंद्रसिंह सोलंकी तथा अंकित बघेल को दायित्व सौंपा है। इसी प्रकार माइक्रो कंटेनमेंट मानीटरिंग टीम में निलोफर खान, मंजू एवं कीर्ति श्रीवास्तव की ड्यूटी लगाई गई है।

आयुष्मान बेनिफिशियरी मानीटरिंग टीम में जिला समन्वयक आयुष्मान भारत दीपक शर्मा को दायित्व दिया गया है। वे कोविड-19 व्यक्तियों में आयुष्मान लाभार्थियों का चयन कर नोडल अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसी प्रकार काउंसलिंग टीम में 50 कर्मचारियों की नियुक्ति कर उन्हें पाजिटिव एवं होम आइसोलेट पेशेंट की काउंसलिंग कार्य करने और रिपोर्ट काउंसलिंग टीम की नोडल अधिकारी अंकिता पंड्या को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

नई दुनिया 11-4-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका––––पृष्ठ ..8.....दिनांक..11–4......2021

# बंद यातायात का लाभ उठाया



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
11–4 patrika.com 2021

रतलाम. शहर में कुछ समय पहले लगाए गए यातायात संकेतकों में से सड़क पर लगाए गए कैट आई और अन्य इस समय आधे से ज्यादा खराब हो गए या टूट चुके हैं। इनकी मरम्मत या दूसरे लगाने के लिए दिन के समय भारी यातायात होने से पुलिस महकमा भी हिचक रहा था किंतु हाल ही में दोबारा लगाए गए लॉक डाउन में यह अवसर यातायात अमले को मिल गया है। उधर, कांग्रेस सहित कई व्यापारियों ने 9 दिन के लॉकडाउन को लेकर विरोध भी किया, इसमें छूट की मांग रखी गई।

# यातायात सुधार के लिए दो बत्ती पर दो साल बाद फिर लगा रहे लैंड डिवाइडर



रतलाम | यातायात सुधार के लिए दो बत्ती पर लैंड डिवाइडर लगा रहे हैं। हालांकि दो साल पहले भी लगाए थे। लेकिन वाहनों की आवाजाही और लोगों द्वारा इस पर वाहन चढ़ाने से ये टूट गए थे। अब फिर इन्हें लगाया जा रहा है। लॉकडाउन के बीच डिवाइडर लगाते हुए कर्मचारी।

11–4–2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ ..7.. दिनांक 11-4 ......2021

**विमर्श** | **क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक में आनलाइन शामिल हुए सीएम, शहर विधायक ने मांगी सीटी स्कैन मशीन**

# मुख्यमंत्री ने कहा- संक्रमण रोकने में जनप्रतिनिधियों का सक्रिय सहयोग आवश्यक


रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि कोरोना संक्रमण को रोकने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। लोगों को जागरूक बनाएं मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें, वैक्सीनेशन अधिक से अधिक करवाएं और जनता को यह समझाएं कि आवश्यक कार्य से ही घर से बाहर निकलें।

शनिवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप से वर्चुअल चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। रतलाम एनआइसी कक्ष में इस अवसर पर रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, एडीएम जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गेहलोत एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।




रतलाम एनआइसी कक्ष में विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड आदि। • नईदुनिया

रतलाम क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप से चर्चा के दौरान रतलाम शहर विधायक काश्यप ने सीएम से आग्रह किया कि रतलाम में सीटी स्कैन मशीन की अत्यंत आवश्यकता है। मशीन मिलने से मरीजों को काफी सुविधा होगी। रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता अभी हुई है यही उपलब्धता बनी रहे तो मरीजों को परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आसपास के जिलों में भी एक समान रूप से लाकडाऊन रहे ताकि इस संक्रमण की चेन को उक्त अवधि के दौरान पूरी तरह तोड़ा जा सके।




बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए अब हमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। नागरिकों को शारीरिक दूरी का पालन करना चाहिए। हाथों को बार-बार धोना चाहिए तथा सार्वजनिक स्थान पर जाने से पहले मास्क लगाना चाहिए।

**- जगदीश प्रजापत,** रेडियोग्राफर, सिविल हास्पिटल रतलाम




लापरवाही से कोरोना संक्रमण फैलता जा रहा है। कई नागरिक संक्रमण को रोकने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा दी गई गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे है। टोटल लाकडाउन में जरूरी सामग्री की उपलब्ध कराना चाहिए।

**- राधेश्याम पोरवाल,** आलोट



कोरोना से बचाव के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक होने की जरूरत है। जागरूकता से ही कोरोना को हराया जा सकता है। शासन-प्रशासन की गाइड-लाइन का पालन ही महामारी से बचाव का सशक्त माध्यम है।

**- बलवंत राय जैन (मारवाड़ी),** आलोट



कोरोना महामारी घर-घर में दस्तक दे रही है। लोगों को इसकी भयावहता को समझना होगा। जरा-सी लापरवाही बड़े संकट का कारण बन सकती है। नियमों का पालन कर स्वयं बचेंय एवं दूसरों को भी बचाएं।

**- गेंदालाल शर्मा,** सहायक प्रबंधक, प्राथमिक सेवा सहकारी संस्था शेरपुर



शासन के इतने प्रचार-प्रसार के बाद भी कई लोग आज भी मास्क लगाने से कतरा रहे है। हम सब को यह समझना होगा कि मास्क और दो गज की दूरी ही वर्तमान में बचाव का सर्वोत्तम उपाय है। महामारी को नजर अंदाज करना सबके लिए भारी पड़ सकता है।

**- अशोक प्रजापति,** कर्मचारी, बैंक आफ बड़ौदा प्रीतमनगर

## 771 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 771 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शनिवार को चांदनीचौक से एक मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़ा गया।


## 770 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जाएगा, क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे शहर में गंदगी होती है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 9 अप्रैल तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 770 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 9 अप्रैल को पैलेस रोड, धानमंडी बाजार, शास्त्री नगर, काटजू नगर व अमृत सागर से 8 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

## 770 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 9 अप्रैल तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 770 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 9 अप्रैल को पैलेस रोड, धानमंडी बाजार, शास्त्री नगर, काटजू नगर व अमृत सागर से 8 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पृष्ठ 12 दिनांक ........2021



# संक्रमण रोकने में जनप्रतिनिधियों का सक्रिय सहयोग आवश्यक :मुख्यमंत्री

## सीएम ने क्राइसेस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों से चर्चा की

रतलाम (आरएनएन)। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि कोरोना संक्रमण को रोकने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कोरोना संक्रमण को दूर करने में जनजागरण प्रमुख है। लोगों को जागरूक बनाएं मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें, वैक्सीनेशन अधिक से अधिक करवाएं और जनता को यह समझाएं कि आवश्यक कार्य से ही घर से बाहर निकलें। लॉकडाउन अवधि के दौरान सभी निर्देशों का पालन करें।

शनिवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों के क्राइसेस मैनेजमेंट ग्रुप से वर्चुअल चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। रतलाम एनआईसी कक्ष में इस अवसर पर रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप, जावरा विधायक डॉ.राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गेहलोत एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। रतलाम क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप से चर्चा के दौरान रतलाम शहर विधायक, चैतन्य काश्यप ने आग्रह किया कि रतलाम में सीटी स्कैन मशीन स्थापना की अत्यंत आवश्यकता है। यह सौगात जितनी जल्दी रतलाम को मिल जाए उसे मरीजों को काफी सुविधा होगी। रेमेडीसिवर इंजेक्शन की उपलब्धता अभी हुई है यही उपलब्धता बनी रहे तो मरीजों को परेशानी नहीं होगी।

चर्चा में उन्होंने यह भी आग्रह किया कि रतलाम जिले में 19 अप्रैल प्रातः 6 बजे तक लाकडाऊन घोषित है। यहां लॉकडाऊन के माध्यम से संक्रमण की चेन तोड़ने के पूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन इसके समीप आसपास के जिलों में उक्त अवधि में लाकडाऊन नहीं होने से आवागमन भी हो सकता है और व्यापारियों में असंतोष भी हो सकता है। इसलिए आसपास के जिलों में भी एक समान रूप से लॉकडाऊन की स्थिति रहे ताकि इस संक्रमण की चेन को उक्त अवधि के दौरान पूरी तरह तोड़ा जा सके।

# कोरोना संक्रमण रोकने नागरिक धर्म का पालन करें : मंत्री देवड़ा

## प्रभारी मंत्री ने रतलाम के नागरिकों से की अपील

**रतलाम।** वित्त एवं जिला कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने रतलाम जिले के नागरिकों से अपील की है कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए सभी अपने नागरिक धर्म का पालन करें और प्रशासन को सहयोग दें। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य शासन और रतलाम जिला प्रशासन अपने स्तर पर संक्रमण को रोकने और प्रभावितों के उपचार की सभी व्यवस्थाएँ करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

वित्त मंत्री ने श्री देवड़ा ने कहा कि कोरोना संक्रमण से डरने की नहीं बल्कि संभलने की जरूरत है। कोई भी व्यक्ति मास्क लगाए बिना बाहर नहीं जाए। स्वास्थ्य विभाग की सलाह और कोविड-19 के लिये जारी गाइडलाइन का पालन करें। हाथों को साबुन से बार-बार धोते रहें। सेनिटाइजर का नियमित उपयोग करें। आपस में दो गज की दूरी बनाए रखें ताकि संक्रमण न फैले। मंत्री श्री देवड़ा ने स्थानीय मीडिया से भी कोरोना संक्रमण को रोकने में स्थानीय प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। श्री देवड़ा ने कहा कि जरूरी दवाओं और ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है। किसी प्रकार की अफवाह पर विश्वास नहीं करें।

# निगम अधिकारी एवं कर्मचारी दूसरा टीका जरूर लगवाएं

रतलाम ●नगर निगम के अधिकांश अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कोरोना का दूसरा टीका लगवा लिया है किन्तु कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी दूसरे चरण के टीके से वंचित है वे अपनी व अपनों की सुरक्षा हेतु अनिवार्य रूप से टीका लगवाएं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कोरोना जैसी महामारी से आप सभी सुरक्षित रहे यह शासन एवं नगर निगम का उद्देश्य है। टीकाकरण से शेष रहे अधिकारी एवं कर्मचारी जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित टीकाकरण केन्द्र पर उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से टीका लगवाएं। ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी जो कि टीकाकरण में रूचि नहीं दिखा रहे है उनके विरूद्ध नगर निगम द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। 11-4-21

# 6500 से अधिक कोरोना पॉजिटिव मरीज, 110 से अधिक की हुई मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में कोरोना मरीजों को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले आंकड़ों को लेकर देर रात तक खेल चलता रहता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की जाने वाली कोरोना रिपोर्ट पर भी अब सवाल खड़े होने लगे हैं। दरअसल हर दिन जारी किए जाने वाले मौत के आंकड़ों को लेकर हर कोई आशंकित है। दरअसल लोगों का भी अब मानना है कि मौत के आंकड़े बढ़ रहे हैं लेकिन उन्हें छुपाया जा रहा है।

रतलाम जिले के 1700 से अधिक कोरोना संदिग्धों की जांच रिपोर्ट आना अब भी शेष है। वर्तमान में यहां पर साढे 6500 से अधिक कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आ चुके हैं। वहीं 110 लोगों की इस बीमारी से जान जा चुकी है। यह आंकड़ा बीते कुछ दिनों में काफी तेजी से बढ़ा है। सबसे बुरे हालात बीते 3 दिनों में सामने आए हैं जबकि लगातार 100 से अधिक नए मरीज हर दिन सामने आए हैं। बात करें बीते 3 दिनों की तो 7 लोगों की कोरोना से मौत की पुष्टि हुई है।

## फिर हुआ वीडियो वायरल

मेडिकल कॉलेज में लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या के चलते यहां की व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं जिसके चलते आए दिन मरीज के परिजन यहां पर किसी न किसी बात को लेकर नाराजगी जताते नजर आते हैं। ऐसा ही एक वीडियो शनिवार को वायरल होता नजर आया जो कि शुक्रवार रात का होना बताया जा रहा है जिसमें एक मरीज के परिजन यहां की व्यवस्थाओं से नाराज होकर अस्पताल के स्टाफ को जमकर खरी खोटी सुना रहे हैं। इस वीडियो में रतलाम ग्रामीण एसडीएम एमएल आर्य भी नजर आए जो कि परिजनों को समझाइश देकर शांत कर रहे थे।

# 10 दिन में 21 मौतें, दो फीसद घट गया रिकवरी रेट

## साल भर पहले 11 अप्रैल को मिला था पहला मरीज – शनिवार को 146 पाजिटिव मिले, तीन मौत

11-4-2021


रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना की दूसरी लहर अब कहर ढा रही है। जिले में अप्रैल माह की शुरुआत के साथ ही नए मरीजों का आंकड़ा तेजी से बढ़ा और मौत भी ज्यादा हो रही है। 10 दिन में ही रिकवरी रेट भी दो प्रतिशत घट गया है। ऐसे में प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को शुक्रवार शाम छह बजे से शुरू हुए नौ दिन के लाकडाउन से कुछ नियंत्रण की आस है। मेडिकल कालेज में आने वाले अधिकांश मरीज गंभीर हालत में पहुंच रहे हैं। कोरोना से महिला व बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक प्रेरणा तोगड़े ने भी शनिवार को दम तोड़ दिया।



संक्रमण फैलने के करीब एक सप्ताह या इससे अधिक समय के बाद इलाज कराने के लिए आने से आइसीयू में मरीजों की संख्या बढ़ रही है, वहीं संक्रमण भी तेजी से फैल रहा है। अप्रैल माह के दस दिनों में कुल 1072 मरीज मिले जबकि स्वस्थ होने वालों की संख्या 793 है। 21 मौत हुई है। 31 मार्च को कुल मरीजों की संख्या 5516 थी जबकि 4774 मरीज स्वस्थ हो चुके थे। मौत का आंकड़ा 92 था। इस मान से रिकवरी रेट 86.5 प्रतिशत था जो 10 अप्रैल को 84 हो गया। शनिवार तक कुल मरीज का आंकड़ा 6588 हो गया। जबकि मौत का आंकड़ा 113 पर पहुंच गया है। मृतकों में दो महिला और एक पुरुष शामिल हैं। महिलाओं की उम्र क्रमशः 50 व 70 वर्ष है, जबकि पुरुष की उम्र 64 वर्ष है। रिकवरी रेट दस दिनों में दो प्रतिशत घट गया है। कोरोना काल शुरू होने पर 11 अप्रैल 2020 को जिले का पहला कोरोना मरीज शहर के मोचीपुरा से मिला था। तब और आज हालात फिर एक जैसे हो गए हैं। शनिवार को 146 नए संक्रमित केस सामने आए और तीन की मौत हुई।

**अप्रैल में कोरोना की चाल पर नजर**

| तारीख | मरीज | स्वस्थ | मौत | एक्टिव |
|---|---|---|---|---|
| 01 अप्रैल | 85 | 83 | 02 | 650 |
| 02 अप्रैल | 79 | 59 | 01 | 669 |
| 03 अप्रैल | 77 | 62 | 02 | 682 |
| 04 अप्रैल | 85 | 83 | 02 | 682 |
| 05 अप्रैल | 95 | 87 | 02 | 688 |
| 06 अप्रैल | 92 | 79 | 02 | 699 |
| 07 अप्रैल | 109 | 43 | 02 | 763 |
| 08 अप्रैल | 144 | 53 | 02 | 852 |
| 09 अप्रैल | 160 | 139 | 03 | 870 |
| 10 अप्रैल | 146 | 105 | 03 | 908 |



नईदुनिया
11-4-2021

# निगम ने शुरू किया सैनेटाइज करना

### बैठक में आयुक्त ने कहा संसाधन की कमी के बाद भी हो काम

11-5-2021

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

patrika.com




दमकल से छिड़काव करते निगमकर्मी।

रतलाम. शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नंबर एक पर लाने के लिए कवायद कर रहे आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड के स्वच्छता विभाग से जुड़े पर्यवेक्षकों की बैठक ली है। इसमें काम पर ध्यान देने व संसाधन की कमी होने पर वैकल्पिक उपायकर कार्य को पूरा करने को कहा है। बता दें कि हाल ही में कचरा संग्रहण वाहन चालक ने सभी 65 गाड़ियों को आयल एक वर्ष से उपलब्ध नहीं होने पर रोक दिया था। इसके बाद यह बैठक की गई है। इन सब के बीच शहर में एक बार फिर से अलग-अलग मोहल्लों में दमकल की सहायता से सैनिटाइजर करना निगम ने शुरू कर दिया है।

निगम आयुक्त झारिया ने वार्ड पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर कहा कि नगर निगम के साथ-साथ नागरिकों का भी यह प्रयास है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में शहर नम्बर 1 बने इस हेतु किसी भी स्थिति में सड़क, नाले-नालियां, रिक्त भूखण्ड आदि पर कचरा ना रहे। इसके अलावा नगर के प्रत्येक घरों से गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया जाये साथ ही अपने-अपने वार्डों में सफाई के कार्य को ओर अधिक सुदृढ़ बनायें। सभी वार्ड जीरो वेस्ट हो गए हैं। इसलिए कचरा अलग-अलग वाहन में डाले जाए इसकी जिम्मेदारी भी अब निगम के कर्मचारियों की है।

छिड़काव कार्य किया शुरूइन सब के बीच नगर निगम ने शहर में दमकल की मदद से सैनेटाइजर का छिड़काव शुरू कर दिया है। शहर के अलग-अलग क्षेत्र में सुबह से लेकर शाम तक दमकल जाकर सैनिटाइजर का छिड़काव कर रही है। इसके लिए समीक्षा भी बैठक में की गई है। आयुक्त ने कहा है कि जिन क्षेत्र में अधिक कोरोना के मरीज आ रहे है वहां पर अतिरिक्त छिड़काव किया जाए।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वच्छता कनसलटेंट प्रतीक मिश्रा, एमके जैन, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, अनवर कुरेशी, बीएल चौधरी, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, दीक्षा निजामपुरकर, अनिता ठाकुर, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।






सूनी सड़कों पर सफाई करते सफाई कर्मी

# तालाबंदी होते ही सड़कों पर सन्नाटा, आवश्यक सेवाएं चालू रही

**बसें बंद होने से लोगों को आने-जाने में हुई परेशानी**

रतलाम ● स्वदेश समाचार । 11-4-2021 । कोरोना संक्रमण की महामारी अब विकराल रूप लेती जा रही है। प्रतिदिन संक्रमित मरीजों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जिसे देखते हुए प्रशासन ने 9 अप्रैल शाम 6 बजे से जिलेभर में तालाबंदी कर दी है। यह तालाबंदी 19 अप्रैल प्रात: 6 बजे तक जारी रहेगी। तालाबंदी के कारण आज से जिलेभर में व्यापार व्यवसाय तो बंद रहा, साथ ही परिवहन साधन भी बंद रहे। बसें चली नहीं और कोई भी यात्री इधर से उधर नहीं जा पाया। इसी कारण अखबार जो बसों से जाते है वह नहीं जा पाए। कई समाजसेवी संस्थाएं मदद के लिए आगे आ रही है और हेल्पलाइन भी चालू की है। तालाबंदी की अवधि में जिले की अदालतें भी बंद रहेगी।



जिला प्रशासन ने दवाई की दुकानों को खुली रखने की छूट दी है, लेकिन दूध और सब्जी के लिए निर्धारित व्यवस्था की है,जिसके कारण कही भी कोई परेशानी की शिकायत नहीं मिली। परिवहन साधन न मिलने के कारण जो यात्री स्टेशन से ग्रामीण इलाकों में जाना चाहते थे उन्हें साधन नहीं मिला।उन्हें पैदल ही अपने गंतव्य की ओर रवाना होना पड़ा। स्टेशन से शहर में आने के लिए छुटपुट रिक्शे चल रहे थे, बाकी अपने साधनों से लोगों को स्टेशन से आना-जाना पड़ा। बताते है कि बसें तालाबंदी की फिलहाल अवधि में बंद रहेगी।

## सूनी सड़कों पर चला सफाई अभियान

आज से 19 अप्रैल तक का तालाबंदी शुरु हो गई। सुबह से पूरा बाजार बंद है। इक्का-दुक्का वाहन सड़क से गुजर रहे है। पुलिस के वाहन लगातार घूम रहे है। दूध और सब्जियां लोगों को आसानी से उपलब्ध हो रही है। तालाबंदी के पहले पुलिस थाने पर पत्रकारों, सब्जी वाले ,दूध वाले किराना वाले आदि की बैठक रखी गई। जिसमें एसडीएम कामिनी ठाकुर, एसडीओ पुलिस बीआर सोलंकी, तहसीलदार टीआई शिवमंगलसिंह सेंगर आदि ने चर्चा की।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर --पृष्ठ 1.....दिनांक 11—4....2021

**स्वच्छ सर्वेक्षण** • वेस्ट मैनेजमेंट के फोर आर वर्क के तहत नगर निगम ने किया इनोवेशन

# बगीचों में सजी कबाड़ से बनी खरगोश, मधुमक्खी, बोटल ट्री की कलाकृतियां

भास्कर संवाददाता | रतलाम

11-4-2021

सफाई के साथ शहर को सुंदर बनाने के लिए भी नगर निगम लगातार इनोवेशन कर रहा है। वॉल पेंटिंग के बाद अब बगीचों में खरगोश, सूरज, मधुमक्खी, बोटल ट्री, कुआं सहित अन्य कलाकृतियां सजाई जा रही हैं। अनोखी बात यह कि तमाम कलाकृतियां कर्मशाला और पांजरा पोल में रखे कबाड़ के सामान से बनाई है। इनमें पुराने टायर, लोहे के पतरे, एंगल और पाइप, प्लास्टिक की बाटल, सरिए सहित अन्य कबाड़ शामिल हैं। एक पखवाड़े में आठ आकृतियां कालिका माता और टीचर कॉलोनी के बगीचे में लग चुकी हैं। सब मिलाकर ऐसी 25 से ज्यादा कलाकृतियां शहर के चार बड़े बगीचों में लगाई जाएंगी। इसके लिए लोगों के पसंदीदा कालिका माता, टीचर कॉलोनी के अलावा अमृत सागर और काटजू नगर बगीचे को चयनित किया है।

**फोर आर वर्क में किया जा रहा इनोवेशन** –6000 अंक के स्वच्छ सर्वेक्षण में वेस्ट मैनेजमेंट के तहत फोर आर वर्क (रिड्यूज, रियूज, रिसाइकल और रिकवर) महत्वपूर्ण घटक है। उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेंद्र दिनाया ने बताया इसी फोर आर वर्क के तहत कबाड़ में पड़े अनुपयोगी सामान का इस्तेमाल करके बगीचों का आकर्षण बढ़ाने के लिए विभिन्न आकार की कलाकृतियां बनाई जा रही है। इन्हें बनाने वाले कलाकार है राहुल गोस्वामी। आगामी 10 से 15 दिनों में सारे आइटम तैयार हो जाएंगे।


**कालिकामाता, टीचर कॉलोनी, अमृत सागर गार्डन और काटजू नगर गार्डन में 25 से ज्यादा आइटम लगेंगे**




घड़ी की आकृति, इसमें पौधे भी लगाए जाएंगे।



कालिका माता गार्डन में लगी सूरज की कलाकृति।



रैबिट की आकृति। इसे भी पुराने टायरों को मिलाकर बनाया है।



मधुमक्खी की आकृति, जो सबके आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।



चाय का कप। इसमें तीन टायरों का उपयोग किया गया है।

## सर्वे हुआ या नहीं, किसी को पता नहीं

पहली मार्च से शुरू हुई स्वच्छ सर्वेक्षण की समय सीमा 15 अप्रैल को खत्म हो रही है। मार्च में एक टीम ने शहर में चार दिन तक सर्वे किया था। यह गार्बेज फ्री सिटी का था या स्वच्छ सर्वेक्षण का, निगम के अफसरों को अब तक पता नहीं चल पाया है। यही वजह है कि नगर निगम अब भी सर्वे को लेकर पुख्ता इंतजाम के साथ सफाई व्यवस्था में लगा हुआ है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए निगम की तैयारी

- सर्विस लेवल प्रोग्रेस (2400 अंक)- जुलाई-अगस्त, सितंबर-नवंबर, दिसंबर-फरवरी तक का डाटा अपलोड कर दिया गया है।
- सर्टिफिकेशन (1800 अंक) - ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेशन मिल चुका, गार्बेज फ्री सिटी 5 स्टार रेटिंग के लिए निगम की कोशिश जारी।
- सिटीजन वाइस (1800 अंक) - अब तक 1.10 लाख से ज्यादा लोग फीडबैक दे चुके।

*स्वच्छ सर्वेक्षण में नए कदम उठाए जा रहे हैं। फोर आर वर्क में कबाड़ से कलाकृतियां बनाकर बगीचों में लगाना भी उसी का हिस्सा है।*

**सोमनाथ झारिया,**
निगम आयुक्त